राज्यपाल ने राष्ट्रपति की अगवानी की

जयपुर, 06 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने शुक्रवार को प्रातः भारत के राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद एवं राष्ट्र की प्रथम महिला श्रीमती सविता कोविंद की उदयपुर हवाई हड्डे पर अगवानी की। इस अवसर पर मंत्री मण्डल के सदस्य, वरिष्ठ प्रशासनिक व पुलिस अधिकारीगण मौजूद थे।

सशस्त्र सेना झण्ड़ा दिवस

वीरों के प्रति दायित्व निर्वहन की याद दिलाता है

—राज्यपाल

जयपुर, 06 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने सशस्त्र सेना झण्डा दिवस (7 दिसम्बर) पर कहा है कि '' यह दिवस वीर शहीदों को नमन करने, सेवानिवृत सैनिकों को सम्मानित करने और वीर शहीदों के परिवारों के प्रति दायित्व निर्वहन की याद दिलाता है। '' उन्होंने कहा कि '' सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर एकत्रित की जाने वाली राशि को पूर्व सैनिकों, शहीद सैनिकों की विधवाओं एवं आश्रितों तथा विकलांग सैनिकों के कल्याण के लिए प्रयोग किया जाना, पुनित कार्य है। ''

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि '' इस अवसर पर मैं समस्त प्रदेशवासियों से अपील करता हूँ कि वे देश की सुरक्षा के लिए प्राणोत्सर्ग करने वाले शूरवीरों के त्याग एवं बलिदान का स्मरण करते हुए उनके परिवारों के कल्याण हेतु उदारता से दान करें। ''

राज्यपाल की गृह रक्षा संगठन के स्थापना दिवस पर बधाई

जयपुर, 6 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने गृह रक्षा संगठन के 57वें स्थापना दिवस (6 दिसम्बर) पर बधाई दी है। राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा है कि '' निष्काम सेवा और सर्वधर्म हितेः रतः की मूल अवधारणा के अनुरूप सगठन को कार्य करना चाहिए। गृह रक्षा संगठन स्थापना दिवस के अवसर पर सेवारत सैनिकों, सेवानिवृत सैनिकों एवं उनके परिवारों को हार्दिक शुभकामनाएं देता हूँ। ''

राज्यपाल ने नागरिक सुरक्षा संगठन स्थापना दिवस पर बधाई दी

जयपुर, 7 दिसम्बर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने नागरिकों की नागरिकों द्वारा सुरक्षा के ध्येय पर कार्य करने वाले नागरिक सुरक्षा संगठन के स्थापना दिवस पर (6 दिसम्बर) बधाई दी है। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा है कि '' नागरिक सुरक्षा संगठन द्वारा राज्य में प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं के साथ—साथ राज्य की जनोपयोगी योजनाओं तथा दुर्घटनाओं एवं बड़े आयोजनों के समय सराहनीय योगदान दिया जाता है। मैं संगठन के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्वयं सेवकों तथा उनके परिवारों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। यह संगठन आगे भी अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों को बखूबी निभाता रहेगा। ''

———

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा
सहायक निदेशक, (जनसम्पर्क),
राज्यपाल, राज्यपाल